अध्याय - 4

शास्त्रीय संगीत गायक कलाकारों द्वारा गायी हुई रचनाएँ एवं उनका विश्लेषण

स्वातंत्र्योंत्तर काल में, भक्ति संगीत के प्रति अपार स्नेह रखने वाले, शास्त्रीय संगीत के कुछ मूर्धन्य कलाकारों का परिचय तथा भक्ति संगीत के प्रति उनके विचार, अनुभूतियाँ तथा उनके योगदान के बारे में, गत अध्याय में चर्चा की है | इन सभी कलाकारों ने असंख्य भक्ति रचनाओं को संगीतबद्ध किया है तथा कई अधिक रचनाओं का गायन भी किया है | इस आध्याय में प्रत्येक कलाकार की एक-एक भक्ति रचना को लेकर उसका विश्लेषण किया है तथा कसेट्, सीडी एवं यु ट्यूब के माध्यम से उनकी अन्य भक्ति रचनाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास शोधार्थी ने किया है | सभी मूर्धन्य कलाकार शास्त्रीय संगीत गानेवाले होते हुए भी, भक्ति संगीत जैसी शब्द प्रधान गायकी को उन्होंने आत्मसात किया था तथा शास्त्रीय संगीत की महफ़िलों में 'भक्ति रचनाओं' का प्रस्तुतिकरण करके आम जनता को आत्मानंद की अनुभूति करवाई थी | अतः इन सभी श्रेष्ठ कलाकारों की भक्ति रचना का विश्लेषण; प्रत्येक रचना के शब्द तथा उसका भाव एवं गूढ़ार्थ को केंद्र में रखकर करनेका यथासांग यत्न शोधार्थी द्वारा किया गया है |

इस प्रबंध में, शोधार्थी द्वारा चयनित प्रत्येक कलाकार की, विश्लेषण हेतु ली गई भक्ति रचना का 'मूलभूत' नोटेशन लिखा गया है | अपितु, शास्त्रीय संगीत गानेवाले ये सभी श्रेष्ठ कलाकार, प्रत्येक महफ़िल के सांगीतिक माहौल या परिस्थिति के अनुसार; उसके भावार्थ को श्रोताओं के हृदय तक पहुँचाने के लिए भिन्न भिन्न स्वरसंगतीयों का प्रयोग करके गाते थे |

4.1 पंडित भीमसेन जोशी

4.1.1 भक्ति रचना के शब्द तथा सामान्य माहिती

रचना के शब्द

जो भजे हरि को सदा, सोहि परम पद पावेगा

जो भजे हरि को सदा, सोहि परम पद पावेगा |

देह के माला, तिलक और छाप, नहीं किस कामके,

प्रेम भक्ति के बिना नहीं नाथ के मन भायेगा |

सोहि परम पद पावेगा, सोही परम पद पावेगा

दिल के दर्पण को सफा कर, दूर कर अभिमान को,

खाक हो गुरु के कदम की, तो प्रभु मिल जायेगा |

सोहि परम पद पावेगा, सोहि परम पद पावेगा

छोड़ दुनिया के मजे सब, बैठकर एकांत में

ध्यान धर हरी का चरण का, फिर जनम नहीं आयेगा |

सोहि परम पद पावेगा, सोहि परम पद पावेगा

दृढ़ भरोसा मन में करके, जो जपे हरिनाम को

कहता है ब्रह्मानन्द, ब्रह्मानन्द बिच समायेगा |

सोहि परम पद पावेगा, सोहि परम पद पावेगा

भक्ति रचना :- जो भजे हरि को सदा	राग :- भैरवी
मूल गायक :- पं भीमसेन जोशी	ताल :- तीनताल
गीतकार :- ब्रह्मानन्द	संगीतकार :- सवाई गंधर्व

4.1.2 भक्ति रचना का नोटैशन

9	10	11	12	13	14	15	16	1	2	3	4	5	6	7	8
														प	प
														जो	S
प	प	-	ध	प	ग	-	म	प	-	-	-	-	-	ग	म
भ	जे	S	ह	रि	को	S	स	दा	S	S	S	S	S	सो	ही
0				3				x				2			
ध	प	म	रे	सा	ध	-	नी	सारे	ग	-	-	-	-	ग	म
प	र	म	प	द	पा	S	वे	गाS	S	S	S	S	S	सो	ही
0				3				x				2			

ध	प	म	रे	सा	ध	-	नी	सारे	ग	-	-	-	-
प	र	म	प	द	पा	S	वे	गाS	S	S	S	S	S
0				3				x				2	

सां	नी	सां	सांसां	प	पप	प	प	धध	पध	नीध	प	-ग	रे	-	रेसा
देह	के	S	माला	ति	लक	औ	र	छाप	नही	किस	का	Sम	S	S	Sके
0				3				x				2			

सारे	गग	म-	मध	धध	सांनी	सां-	सांसां	धध	धध	पप	मम	--	--	ग	म
प्रेम	भक्ति	केS	बिना	नहीं	नाथ	केS	मन	भाS	येगा	SS	SS	SS	SS	सो	ही
0				3				x				2			

सांसां सां- नीसां -सां	सां- नीसां सां- सां	धध पप पप पध	नीप मग रेग रेसा
दिल केS दर्प Sण	कोS सफा कS र	दूS Sर कर अभि	माS नS कोS SS
0	3	x	2

गम ग- गम म	गम म- म- पध	नीसां नीध पध नी-	धप मग ग म
खाक होS गुरु के	चर णS कीS तोS	प्रभु मिल जाये गाS	SS SS सो ही
0	3	x	2

सांसां सां- नीसां -सां	सां- नीसां सां सां	धध प प पध	नीप मग रेग रेसा
छोS ड़S दुनि याS	के मजे स ब	बैS ठ क Sर	एS कांS तS Sमें
0	3	x	2

गम ग- गम म	गम म- म- पध	नीसांसां नीध पध नी-	धप मग ग म
ध्यान धर हरी का	चर णS का फिर	जनम नहीं आये गाS	SS SS सो ही
0	3	x	2

नीनी नीसां सां- नीसां	सां- रें नी ध-	धध पप प- पध	नीप मग रेग सा
दृढ़ भरो साS मन	मेंS क र केS	जोS जपे हS Sरि	नाS Sम Sको S
0	3	x	2

गम गम म- म-	गम म- म- पध	नीसां नीध पध नी-	धप मग ग म
कह ता हैS ब्रह्मा	नंद ब्रह्मा SS नंद	बिच समा येS गाS	SS SS सो ही
0	3	x	2

ध	प	म	रे	सा	ध	-	नी	सारे	ग	-	-	-	-	ग	म
प	र	म	प	द	पा	S	वे	गाS	S	S	S	S	S	सो	ही
0				3				x				2			

ध	प	म	रे	सा	ध	-	नी	सारे	ग	-	-	-	-
प	र	म	प	द	पा	S	वे	गाS	S	S	S	S	S
0				3				x				2	

4.1.3 भक्ति रचना का विश्लेषण

पंडित जी के प्रिय भजनों में से एक हो, स्वामिनारायण संप्रदाय के महान संत एवं अष्ट कवियों में से एक, पूज्य ब्रह्मानन्द स्वामी(1772 – 1832)[1] रचित इस भजन को भीमसेन जी के गुरु, सवाई गंधर्व जी ने संगीत बद्ध किया है |[2] ब्रह्मानन्द जी लिखित, इस अद्भुत काव्य के वास्तविक अर्थ की दृष्टि से यह सार स्पष्ट होता है कि, जो मनुष्य सदा ईश्वर को याद करता है, उसका नाम जपता है वो अंतिम लक्ष्य तक पहुँच सकता है अर्थात दुनिया के सारे लौकिक सुख, उपभोग, तथा अभिमान को त्यागकर, शुद्ध भाव से गुरु चरणों में लीन रहेकर, जो एकांत में बैठकर ध्यानस्थ होता है; जन्म-मृत्यु की इस श्रृंखला से परे उसे ईश्वर साक्षात्कार प्राप्त हो सकता है | यह भजन राग भैरवी में होने से, पंडित जी अक्सर इसे महफ़िल के अंत में गाते थे |

1985 में 'सहज योग' के एक कार्यक्रम में करीब 15 मिनट के लिए, यही भजन "Divine Prayer For Lord VISHNU" इस शीर्षक के अंतर्गत , पंडित जी ने **तीन ताल में गाया** था |[3] इस भजन को पंडित जी **कई बार 'भजनी ठेका'** लगाकर भी गाते थे |

[1] भट उपेन्द्र, दूरध्वनी से साक्षात्कार,

[2] भाटे आनंद,दूरध्वनी से साक्षात्कार,

[3] "Divine Prayer for Lord VISHNU" https://youtu.be/NFwpRXCx5VQ

इस विडिओ के मुताबिक, संवादिनी पर एक छोटे आलाप से 'भैरवी' की वातावरण निर्मिती की गई है और तुरंत पंडित जी ने 'तार सा' से 'जो भजे' की शुरुआत करके, भैरवी राग की बंदिश के समान (शैली) से इसे गाया है | ध्रुवपद(मुखडे) के अलग अलग शब्दों से शुरुआत करके, भजन के गर्भितार्थ अनुसार भाव प्रकट करते हुए पंडित जी ने कुछ समय केवल मुखड़ा गाया है; जिसमें ली हुई भैरवी की छोटी छोटी हरकतें, मुर्कीयाँ आदि भजन के भाव को अधिक आर्त बनाती है | इसी मुक्त आलापी दरमियान पंडित जी ने, 'हरि S S S' शब्द के दीर्घ उच्चारण में बिलासखानी तोड़ी की नजाकत भरी झलक दिखाई है | इस प्रकार से भैरवी में बिलासखानी का हल्का रंग भरते हुए, पंडित जी, करीब ढाई मिनट तक आलापी करते है | तत्पश्चात ताल की शुरुआत होते ही, श्रोताओं के मन लय के कोमल-मोहक बंधन में बँध जाते है | आगे, 'जो भजे' पर ताल के साथ पंडित ने किया हुआ भैरवी की सपाट तान का प्रयोग, भैरवी के वातावरण को अधिक प्रगाढ़ बनाता है | इस भजन का 'भाव' एवं 'शब्दों' को स्पष्ट करने के लिए पंडित जी ने, **'नाही संपूर्ण गद्य या सम्पूर्ण पद्य'** इस ढंग से अर्थात मराठी 'कीर्तन' की पारंपरिक शैली से सारे अंतरे गायें है |

प्रथम अंतरे में, 'देह के माला', हलके अभिनय के साथ बार बार गाते हुए; भजन के शब्द तथा भैरवी के स्वरों के माध्यम से, काव्य के भावार्थ को पंडित जी प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करते है और 'जो भजे' गाते हुए मुखडे में अहीर भैरव की झलक दिखाते है | इसी प्रकार से भावपूर्ण शब्द प्रयोग एवं शब्दोंचित मुखाकृति से, पंडित जी आगे के अंतरे प्रस्तुत करते है| आगे के अंतरे में, 'गुरु की महत्ता' दर्शाते हुए, "खाक हो" में पंडित जी शरणागती व्यक्त करने के लिए मध्य सप्तक की "ग म ग म" की स्वर संगती का तथा 'प्रभु मिल जाएगा' इस अंतिम सत्य को व्यक्त करने के लिए "ध नी सां" लेते हुए तार षडज (सां) पर पहुँचते है | 'छोड़ दुनिया के मजे..' इस अंतरे में, आदेश या आज्ञा का भाव दिखाने के लिए तार सप्तक के स्वरों का प्रयोग पंडित जी करते है | अंतिम अंतरे में 'दृढ़ भरोसा' में भैरवी अंग से 'ठोस' भाव को तथा 'कहता है ब्रह्मानंद' स्वयं ब्रह्मनंद को महसूस करते

हुए, अनुरूप स्वरसंगती से श्रोताओं को भी उसकी अनुभूति कराते है और तिहाई लेकर समापन करते है |

इस भजन में 'जो भजे हरि को सदा' की पुनरावृत्ति से, श्रोताओं के मन में जन्में जिज्ञासा के भाव का; 'सो ही परम पद पाएगा' इस फलश्रुति से सात्विक आनंद में परिवर्तन होता है अर्थात शास्त्रीय दृष्टि से, "पंचम" पर शुरू हुआ यह सुसंवाद "मध्य षड्ज" पर विराम लेता है और एक पूर्णता की अनुभूति कराता है | पंडित जी ने शब्दों को व्यक्त करते हुए बिच में रखा हुआ अवकाश; श्रोताओं के मन में काव्य के भावार्थ को अधिक सरलता से स्पष्ट करता है |

4.1.4 भक्ति रचना की लोकप्रियता

पंडित ने गाये हुए इस भजन को कई कलाकारों ने इसे गया है |

- पंडित उपेन्द्र भट (पंडित जी के जेष्ठ शिष्य), 132 वा हरिवल्लभ संगीत समारोह |[4]
- श्री आनंद भाटे (पंडितजी के जेष्ठ शिष्य) , मंच प्रदर्शन |[5]
- श्रीनिवास जोशी (पंडित जी के जेष्ठ पुत्र)|[6]
- पंडित जयतीर्थ मेवुंडी तथा कौशिकी चक्रवर्ती - भजनी ठेका लगाके मंजीरे के साथ; 'दिवाली पहाट', पुणे , मंच प्रदर्शन |[7]
- अनूप जलोटा , प्रभु दर्शन vol 4 – सीडी |[8]

[4] Upendrabhatmusic, https://www.youtube.com/watch?v=GMMll_X9LMY , 3/1/22

[5] Marathi Sound Lab, https://www.youtube.com/watch?v=X65IHcXvLAs, 11/10/21

[6] Shrinivas and Viraj Joshi, https://www.youtube.com/watch?v=SaY3d0gNRO0 ,10/1/22

[7] Indian Classical Music Collection, https://www.youtube.com/watch?v=TjrIJPksVDI, 10/1/22

[8] Anup Jalota – Topic, https://www.youtube.com/watch?v=NU4tVpjYOvw , 11/10/21

- राजेश्वरानन्द महाराज, प्रवचन देते हुए गाते है |[9]
- सुद्धा मल्होत्रा, लोकप्रिय भजन -सीडी |[10]
- मैथिली ठाकुर स्वयं हारमोनियम बजाकर गाती है और रिशव, आयची संगत करते है |[11]
- श्री ललित देशपांडे, दिवाली विशेष 'स्वरसाँज'|[12]
- शुभांगी सखलकर |[13]
- राजश्री मुखर्जी, 'मन मंदिर' एलबम |[14]
- तरंग कंदपाल, प्रयाग राज कुम्भ 2019 |[15]
- पं हरीश तिवारी, श्री अरबिन्द 'जन्म शताब्दी' समारोह |[16]
- श्री लोहला, 'जन्माष्टमी' समारोह |[17]
- ओमप्रकाश श्रीवास्तव, रामकृष्ण मठ, बेलूर |[18]

[9] जय गौर हरि, https://www.youtube.com/watch?v=ro1nhA7z7Wk, 1/2/22

[10] Sudha Malhotra –Topic, https://www.youtube.com/watch?v=n88ZsNVncSs , 10/1/22

[11] Ramesh Thakur, https://www.youtube.com/watch?v=8tDwIWPI2kQ ,10/1/22

[12] Lalit Deshpande, https://www.youtube.com/watch?v=r2FdvZxcEBE, 2/1/22

[13] Shubhangi sakhalkar, https://www.youtube.com/watch?v=k407shyTQpo ,10/1/22

[14] Rajasree Mukherjee – Topic, https://www.youtube.com/watch?v=4caRDeCfZew , 10/10/21

[15] Laxmi Kant Kandpal, https://www.youtube.com/watch?v=_ndoUwHYUQg , 2/1/22

[16] BAZM–E-KHAS, https://www.youtube.com/watch?v=tfEz5k1c7n0 , 2/1/22

[17] Sunil Lohala, https://www.youtube.com/watch?v=qBc3vR6BOcc , 1/2/22

[18] Ramkrishna Math and Ramkrishna Mission, Belur Math, https://www.youtube.com/watch?v=mb620Kbh1AY , 1/2/22

4.1.5 भक्ति संगीत संबंधित प्रसिद्ध कॅसेट्स और सीडीयों की सूची

पंडित जी ने प्रमुखतः मराठी, हिन्दी तथा कन्नड भाषा में भजन गायें, जिनकी अनेक कॅसेट्स, सीडी तथा यु ट्यूब रिकॉर्डिंग उपलब्ध है |

- भक्ताभिलाषा – हिन्दी भजन – यूनिवर्सल म्यूजिक -12 फ़रवरी 2009
- सुन भाई साधो – हिन्दी भजन – T series
- राम श्याम गुण गान – पं भीमसेन जोशी, लता मंगेशकर - HMV – 1985
- भक्ति संगीत – हिन्दी डिवोशनल एण्ड स्पिरिचुअल – नवरस रेकॉर्ड्स – 1999
- बेस्ट ऑफ दुर्गा भजन – हिन्दी भजन – Music Today – 2004
- साधो राम अनुपम हिन्दी राम भजन – Music Today – 1 जनवरी 2003
- भक्तिमाला, शक्ति vol 1 – भीमसेन जोशी, श्रुति सड़ोलिकर – Music Today – 1 जनवरी 1992
- जाता पंढरीसी – मराठी अभंगवाणी – सा रे ग म – 13 मार्च 2002
- अभंगवाणी – मराठी – HMV – 1 मार्च 1996
- लोकप्रिय अभंग - मराठी – पं भीमसेन जोशी, लता मंगेशकर – सारेगम – 1 जनवरी 1973
- सुंदर ते ध्यान – मराठी – भीमसेन जोशी, अनुराधा पौडवाल – Tseries – 2 जनवरी 1995
- माझे महेर पंढरी – मराठी – 18 नवंबर 2000
- राम श्याम गुन गान – हिन्दी - पं भीमसेन जोशी, लता मंगेशकर – सारेगम – 2002
- दासवानी – कन्नड भजन – HMV -1982
- भक्तिमाला राम Vol I – हिन्दी – Music Today

4.2. पंडित कुमार गंधर्व

4.2.1 भक्ति रचना के शब्द तथा सामान्य माहिती

रचना के शब्द

निर्भय निर्गुण गुण रे गाऊंगा, गाऊंगा

मूल कमल दृढ़ आसन बाँधु जी

उलटी पवन चढ़ाऊंगा चढ़ाऊंगा ||

मन ममता को थिर कर लाऊँ जी

पाँचों तत्व मिलाऊँगा, मिलाऊँगा ||

इंगला पिंगला सुखमन नाड़ी जी

तिरवेनी पे हाँ न्हाऊँगा, न्हाऊँगा ||

पांच पच्चीसों पकड़ मँगाऊं जी

एक ही डोर लगाऊँगा, लगाऊँगा ||

शून्य शिखर पर अनहद बाजे जी

राग छत्तीस सुनाऊँगा, सुनाऊँगा ||

कहत कबीरा सुनो भाई साधो जी

जीत निशान घुराऊँगा, घुराऊँगा ||

भक्ति रचना :- निर्भय निर्गुण गुण रे गाऊँगा राग :- मांड

मूल गायक :- पं कुमार गंधर्व ताल :- सतवा (ठेका)

गीतकार :- संत कबीर संगीतकार :- पं कुमार गंधर्व

4.2.2 भक्ति रचना का नोटैशन

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
धा	धीं	-	धा	धा	धीं	-	धा	धीं	-	धा	धा	धीं	-
X							X						
सां	सां	-	सां	-	सां	-	सां	सां	-	सां	-	नी	ध
नि	र	S	भ	S	य	S	नि	र	S	गु	S	न	S
X							X						
सां	सां	-	रें	-	-	-	सां	-	-	नी	-	ध	-
गु	ण	S	रे	S	S	S	गा	S	S	ऊँ	S	गा	S
X							X						
म	प	ध	प	-	-	-	प	-	-	धनी	पध	नी	सां
गा	ऊँ	S	गा	S	S	S	S	S	S	SS	SS	S	S
X							X						

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-
मू	S	S	ल	S	क	S	म	ल	S	ट	S	ढ़	S
X							X						

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-
आ	S	S	स	S	न	S	बाँ	S	S	धु	S	जी	S
X							X						

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-
उ	ल	S	टी	S	S	प	व	न	S	S	S	S	S
X							X						

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सरें
च	ढा	S	S	ऊँ	S	गा	च	ढ़ा	ऊँ	गाS	SS	SS	SS
X							X						

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-
म	S	S	न	S	म	S	म	ता	S	को	S	S	S
X							X						

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-
थि	S	S	र	S	क	र	ला	S	S	ऊँ	S	जी	S
X							X						

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-
पाँ	चों	S	S	S	S	त	S	त्व	S	S	S	S	S
X							X						

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सारें	
मि	ला	S	S	ऊँ	S	गा	मि	ला	ऊँ	गाS	SS	SS	SS	
X							X							

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-	
इं	S	ग	ला	S	S	S	पिं	ग	S	ला	S	S	S	
X							X							

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-	
सु	ख	S	म	S	न	S	ना	S	S	डी	S	जी	S	
X							X							

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-	
ति	र	S	वे	नी	S	पे	S	हाँ	S	S	S	S	S	
X							X							

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सारें	
न्हा	S	S	S	ऊँ	S	गा	न	हा	ऊँ	गाS	SS	SS	SS	
X							X							

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-	
पाँ	S	S	च	S	S	S	प	च्ची	S	सों	S	S	S	
X							X							

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-
प	क	S	ड़	S	मँ	S	गा	S	S	ऊँ	S	जी	S
X							X						

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-
ए	क	S	ही	S	S	डो	S	र	S	S	S	S	S
X							X						

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सारें
ल	गा	S	S	ऊँ	S	गा	ल	गा	ऊँ	गाS	SS	SS	SS
X							X						

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-
शू	S	S	न्य	S	शि	S	ख	र	प	S	र	S	S
X							X						

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-
अ	न	S	ह	S	द	S	बा	S	S	जे	S	जी	S
X							X						

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-
रा	ग	S	छ	S	S	त्ती	S	स	S	S	S	S	S
X							X						

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सारें	
सु	ना	S	S	ऊँ	S	गा	सु	ना	ऊँ	गाS	SS	SS	SS	
X							X							

प	प	-	ध	-	म	-	प	प	-	ध	-	ध	-	
क	S	S	ह	S	त	S	क	बी	S	रा	S	S	S	
X							X							

ध	ध	-	नी	-	नी	-	सां	रें	-	सां	-	सां	-	
सु	नों	S	भा	S	ई	S	सा	S	S	धो	S	जी	S	
X							X							

सां	सां	-	-	-	-	रें	सां	सां	-	-	-	-	-	
जि	त	S	नि	S	S	शा	S	न	S	S	S	S	S	
X							X							

सां	नी	-	-	ध	-	प	म	प	ध	सांनी	धप	धनी	सारें	
घु	रा	S	S	ऊँ	S	गा	घु	रा	ऊँ	गाS	SS	SS	SS	
X							X							

4.2.3 भक्ति रचना का विश्लेषण

संत कबीर जी लिखित इस निर्गुणी भजन को कुमारजी ने कई कार्यक्रमों में गाया है; उनमें से 'दूरदर्शन स्टूडियो, नई दिल्ली', [19] में गाए हुए भजन का विश्लेषण करने हेतु शोधार्थी ने चयन किया है |

शास्त्रीय संगीत के विद्वान संगीतज्ञ एवं गुरु, पं हेमंत कोठारी ने बताया कि, "निर्गुण याने 'शून्य' और **कबीर** जी के भजनों में **'शून्य' निर्माण** करनेकी **अद्भुत क्षमता** है | वीरानता, निर्जनता यही निर्गुण की खासियत है | निर्गुण भजन गानेका अपना निराला ढंग होता है | भजन के 'स्वर' और 'लय' को उसके 'अर्थ' एवं 'भाव' के साथ व्यक्त करने के लिए उचित शब्दोंच्चारण होना आवश्यक है | अर्थात निर्गुण गाते समय **'अकेलेपन'** का निर्माण होना अत्यंत जरूरी है | इसी भजन को गाते समय "निरभय" में "भ" का योग्य उच्चार तथा "निरगुण"का सही उच्चार निर्भयता, निडरता का अहसास करता है |"[20]

यहाँ(इस विडिओ में) कुमार जी ने कोई भी आलापी किये बिना सीधे 'पधनीरेंगं' इस प्रकार से तार 'गंधार' को स्पर्श करके तार 'सां' पर से निरभय निरगुण... अर्थात भजन की शुरुआत की है, और अंत तक श्रोताओं को, इस लय के आवर्तन में दृढ़ता पूर्वक थाम के रखा है | इस भजन को कुमारजी ने, साढ़े तीन मात्रा के दीपचंदी पर आधारित, स्वयं बनाये हुए 'सतवा' ठेके में गाया है | सम्पूर्ण भजन में लग्गी या चलती का प्रयोग किये बिना मूल ठेका ही बजाया गया है | इस भजन को गाते हुए, कुमारजी ने अल्पावधि में ही; कोई बंधन या पाश की पर्वा किये बिना, अपनी मस्ती में परंतु अपने नियत स्थान की तरफ ठोस कदम उठाने वाले **'बेफ़िकर फकीर'** को श्रोताओं की समक्ष हूबहू

[19] ajab shahar – Kabir project, Nirbhay Nirgun Gun Re' sings Pt. Kumar Gandharva https://www.youtube.com/watch?v=V1tXJu-1O8U

[20] कोठारी हेमंत, साक्षात्कार जनवरी 18, 2022

खडा किया है | इस कृति में, उनकी पत्नी वसुंधरा जी ने उन्हे समर्थता से संगत की है | बीच बीच में कुमारजी, छोटी छोटी, सुस्पष्ट, नोकीली परन्तु अत्यंत सुरीली हरकते अपनी प्रभावी आवाज में गाते है | इस भजन के प्रथम अंतरे में, दृढ़ासन में बैठकर, मूलबंध लगाकर, वायु का ऊर्ध्वगमन करके; एक एक चक्र के भेदन कारनेका यथार्थ ज्ञान कबीर जी ने वर्णन किया है | इसी की पुष्टि करते हुए कुमारजी ने 'चढ़ाऊँगा' में "ढा" के ऊपर दिखाई हुई 'सम'; उनका अडिग विश्वास और संकल्प व्यक्त करती है | इसी के साथ साथ, प्रबल, तेजस्वी हरकतों के बीच कुमारजी ने छोडा हुआ अवकाश, श्रोताओं को भी ध्यान की अवस्था में ले जाता है | ताल के माध्यम से लयकारी करते हुए, कुमारजी स्वयं खिलते हुए नजर आते है और श्रोताओं को भी डोलने पर मजबूर करते है | भजन के दूसरे अंतरे में, इडा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी के त्रिवेणी संगम स्थान पर स्नान करनेकी अपनी मनीषा व्यक्त करने के लिए; सबलता से किया हुआ 'हाँ' 'हाँ' का उच्चारण तथा उसे गाते हुए उनके मुख पर दिखाई देनेवाली संतुष्टि सुकून देती है | इसके बाद कुमारजी अपनी परिपक्व गायकी को शोभा देनेवाली छोटी छोटी ताने, टुकड़े लेकर एक बार फिर से अस्थायी का मुखड़ा गाकर अगले अंतरे की शुरुआत करते है| इस अंतरे में, निर्गुण के 'शून्य' में पहुचने के बाद अर्थात 'शून्य' का अहसास करने के बाद सुनाई देनेवाली 'अनहद' ध्वनि में कुमारजी खो जाते है |

इस भजन में कुमार जी ने हर एक अंतरे की सुरसंगति (नोटैशन) लगभग समान रखी है, अतः शब्दों से निकालने वाला 'निर्गुणी' का अर्थ(संवेदना) और अधिक पोषित होता है और 'कहत कबीरा' इस अंतिम अंतरे में, उस अलमस्त, आत्म निर्भर अनुभूति का श्रोताओं के मन को यथार्थ दर्शन होता है |

4.2.4 भक्ति रचना कि लोकप्रियता

कुमार जी ने गाएँ हुए इस निर्गुणी भजन को आज भी कई कलाकार गा रहे है|

- राहुल देशपांडे जी का यह प्रिय भजन होते हुए उन्होंने कई कार्यक्रमों में गाया है |[21]
- महेश काले ने मेलबोर्न में मंच प्रदर्शन में, |[22]
- पुष्कर लेले ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में, 'कबीर काव्य और कुमारजी का संगीत निर्देशन' तथा प्राध्यापिका लिंडा हेस के विवरण, में प्रस्तुत किया है |[23]
- के. एम. संगीत संरक्षिका, चेन्नई में इसे सभी छात्रों ने कोरस में गाया|[24]
- पुरुषोत्तम तंवर जो उज्जैन मध्य प्रदेश से है, उन्होंने खुद अपनी लोक धुन की शैली में बनाया और मे 2020 में 'योग तथा प्राणायाम' के माध्यम से कोरोना से बचने के लिए इसे गाया |[25]
- ईशा फाउंडेशन, सदगुरु जी की उपस्थिती में कोएम्बतूर के कई कार्यक्रमों में गाया गया है| [26]
- महुआ मुखर्जी ने लॉक डाऊन के दौरान 'सहज योग' के कार्यक्रम में |[27]
- सरस्वती संगीत महाविद्यालय, रतलाम के एक कार्यक्रम में 9-10 साल के बालक - पंकज शर्मा ने |[28]
- अपूर्वा देशपांडे, सोसाइटी के मंच प्रदर्शन में |[29]

---

[21] Bhushan Mate, https://www.youtube.com/watch?v=fcuOB_NAfp8 ,15/2/22

News DNN, https://www.youtube.com/watch?v=5TYbzrUHJK8&t=134s

[22] S Chaudhary, https://www.youtube.com/watch?v=NjCr2a6Zlkg, 15/2/22

[23] Pushkar Lele, https://www.youtube.com/watch?v=-GZwpM9r7TI, 15/2/22

[24] LeVoyagedeMilesHeusse, https://www.youtube.com/watch?v=IDLcxyAWjO8 ,15/2/22

[25] kabir bhajan by purushottam tanwar, https://www.youtube.com/watch?v=WJD8xq_JCAc , 15/2/22

[26] Mystic Brain, https://www.youtube.com/watch?v=lLULlInAQxo 15/2/22

[27] Sahaj samadhan, https://www.youtube.com/watch?v=hpF-6iBPqwI, 15/2/22

[28] Pankaj Sharma, https://www.youtube.com/watch?v=JFvBCgI00qQ , 15/2/22

[29] The Eclectic Listener, https://www.youtube.com/watch?v=iR5XZJu54JY , 15/2/22

- अनूप जलोटा जी ने अपने ढंग से प्रस्तुत किया है |[30]
- वेदान्त भारद्वाज और बिंधुमालिनी |[31]
- News DNN के यु ट्यूब चेनल पर बच्चे कोई भी वाद्य का उपयोग किये बिना सिर्फ तालियाँ बजकर गा रहे है |[32]
- स्वानन्द भोरकर, मंच प्रदर्शन में |[33]
- अनाहत मंडली के युवाओं ने |[34]
- अर्चना मुले |[35]
- केतकी तेंड़ोलकर |[36]
- पं शिवकुमार, मंच प्रदर्शन में |[37]
- Pneuma, कबीर जी को श्रद्धांजलि अर्पण करने के लिए, कबीर जी के शब्दों का प्रतिपादन करके नएँ शब्दों के साथ, animation करके गाया है |[38]
- देवेश मित्तल, गिटार बजकर गा रहे है |[39]

[30] Anup Jalota – Topic, https://www.youtube.com/watch?v=stwGmlUi9z8, 15/2/22

[31] Vedanth Bharadwaj, https://www.youtube.com/watch?v=zTnMBncxlOU ,15/2/22

[32] News DNN, https://www.youtube.com/watch?v=YCwfH9UKQuU&t=197s ,15/3/22

[33] Nagesh D Rao, https://www.youtube.com/watch?v=GP5k4Gh0dH8 , 15/2/22

[34] Anahat – अनाहत, https://www.youtube.com/watch?v=5KhBYtLCbD0, 15/2/22

[35] Archana Mule, https://www.youtube.com/watch?v=WgY3WDOa3iM , 15/2/22

[36] Ketki Tendolkar, https://www.youtube.com/watch?v=G7ohFNK4U5c , 15/2/22

[37] Ananda 777, https://www.youtube.com/watch?v=jlsVyB_XoB4 , 15/2/22

[38] Pneuma, https://www.youtube.com/watch?v=DKWe7g1eOt4 , 12/2/22

[39] Devesh Mittal, https://www.youtube.com/watch?v=cl1Y2GG1VE0 , 15/2/22

4.2.5 भक्ति रचना संबंधित प्रसिद्ध कॅसेट्व और सीडीयों की सूची

- निरगुन के गुन- हिन्दी भजन - HMV– 1988
- अवधूत भजन्स, हिन्दी – सा रे ग म – 5 जनवरी 1995
- A Journey – कुमार गंधर्व, vol 2- सा रे ग म -16 फरवरी 2004
- भजन त्रिवेणी – कुमार गंधर्व, वसुंधरा कोमकली
- Bhajans by Linde – भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व – सारेगम – 2003
- Gandharv Gaan- The Magic of Kumar Gandhrv, Sagar music –2012

4.3 पंडित जितेंद्र अभिषेकी

4.3.1 भक्ति रचना के शब्द तथा सामान्य माहिती

रचना के शब्द

इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकले |

शिव के मन शरण हो जब प्राण तन से निकले |

जिह्वा पर हर भजन हो, जब साँस तन से निकले |

शिव शिव शिवा उमा हो, या शिव उमा शिवा हो |

हर हर उन्ही रटन हो, जब प्राण तन से निकले |

शिव धाम शिव पूरी हो, विश्राम सुर सरी हो |

उस जल का आचमन हो, जब प्राण तन से निकले |

हृदय कमल शुची हो, बुद्धि मेरी विमल हो |

तृष्णा से शांत मन हो, जब प्राण तन से निकले |

भक्ति रचना :- इतना तो करना स्वामी	राग :- भैरवी
मूल गायक :- पं जितेंद्र अभिषेकी	ताल :- अद्धा (16 मात्रा)
गीतकार :- माहिती उपलब्ध नहीं है	संगीतकार :- पं जितेंद्र अभिषेकी

4.3.2 भक्ति रचना का नोटैशन

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
X				2				0				3			
								सां	सां	सां	-	नि	रें	सां	सां
								इ	त	ना	S	तो	क	र	ना
सां	-	नि	ध	-	-	ध	ध	धनि	सरें	गं	रें	सां	रें	रें	नि
स्वा	S	मी	S	S	S	ज	ब	प्राS	SS	S	S	ण	त	न	से
X				2				0				3			
सां	सां	सां	--	-	-	नि	नि	निसां	गंगं	सां	सां	निध	सांनि	धप	ध
नि	क	ले	SS	S	S	शि	व	केS	SS	S	S	SS	मS	Sन	श
X				2				0				3			
सां	सां	सां	--	-	-	प	ध	पध	निसां	रेंगं	रेंसां	सां	रें	रें	नि
र	ण	हो	S	S	S	ज	ब	प्राS	SS	S	S	ण	त	न	से
X				2				0				3			

सां सां सां --

नि क ले SS

सां सां सां सां नि सां - नि

शि व शि व शि वा S उ

सां - सांनि ध - - प - पध निसां रेंगं रें सां - रें नि

मा S होS S S S या S शिव SS SS S उ मा S शि

X 2 0 3

सां - सां - - - - - ध ध ध ध ध ध - नि

वा S हो S S S S S ह र ह र उ न्हि S र

X 2 0 3

सां नि ध - ध - प ध पध निसां रेंगं रें सां रें रें नि

ट न S S हो S ज ब प्राS SS S S ण त न से

X 2 0 3

सां सां सां --

नि क ले SS

इस भजन का द्वितीय एवं तृतीय अंतरा प्रथम अंतरे के समान है अतः नोटेशन लिखा नहीं |

4.3.3 भक्ति रचना का विश्लेषण

पंडित जी को भैरवी राग अत्यंत प्रिय होने से, यह भजन वे अक्सर गाया करते थे | इस भजन के विश्लेषण हेतु, पंडित जी ने 'सवाई गंधर्व' मोहोत्सव के मंच प्रदर्शन में प्रस्तुत किये हुए विडिओ का शोधार्थी ने चयन किया है |[40]

इस नाथपंथी भजन को पंडित जी ने ही स्वरबद्ध किया है | इस विडिओ के मुताबिक, इस भजन की शुरुआत पंडित जी अपनी मखमली-कोमल एवं अत्यंत सुरीली आवाज में 'तार षड्ज ' से, 'इतना तो करना स्वामी' गाकर करते है | 'इतना तो करना स्वामी' के रटन में 'स्वामी' गाते हुए लिया हुआ **दीर्घ ईकार**; 'प्राण' शब्द पर ली हुई **'ध नी सा रें गं'** की छोटी तान(हरकत) तथा 'निकले' शब्द के "ले" के ऊपर मृदुता से लिया हुआ 'तार रिषभ'**(रें)** मन की प्रार्थना को अधिक **'आर्त'** बनाता है | पश्चात पंजाबी त्रिताल का ताल प्रवाह शुरू होता है और प्रार्थना की अभिव्यक्ति अत्यंत मोहक बनती है | 'मन' एवं 'शरन' का अनुप्रास सौन्दर्य निर्मिती करता है | बीच में कही पंडित जी सातवी मात्र से मुखड़ा गाते है | 'मन शरन हो' में पंडित जी ने गायें हुए 'ध .. प ग रे' की भूपाल तोड़ी की स्वर संगति तथा पश्चात लगाया हुआ 'शुद्ध गंधार' भजन की नजाकत बढ़ाते है | 'जिव्हा पर हर भजन हो' इस पंक्ति को गाते हुए पंडित जी 'बिलासखानी तोड़ी' की झलक दिखाते है | आगे अंतरा गाते हुए पंडित जी 'पंचम' के ऊपर स्थिर रहकर, 'शुद्ध धैवत' का प्रयोग करके 'भैरवी' से वातावरण को भर देते है | पंडित जी के अत्यंत भावपूर्ण, अर्थपूर्ण, सुस्पष्ट, शुद्ध एवं लय के अनुरूप शब्दोच्चार इस भजन के भाव को यथार्थ व्यक्त करते है |

[40] Hrushikesh Pathak, https://www.youtube.com/watch?v=nY4bmGsO6qM, 11/2/22

पंडित जी शास्त्रीय संगीत गानेवाले कलाकार होते हुए भी, उन्होंने **शास्त्रीय संगीत एवं भजन** गायकी का भेद अर्थात दोनों विधाओं की गायकी का 'मर्म' आत्मसात किया हुआ था अतः दोनों के **सही अनुपात** से प्रस्तुतीकरण करते थे और सामान्य जनता को भजन के 'भाव एवं शब्दों' में डुबो देते थे |

पश्चात तार सप्तक में लिया हुआ 'शुद्ध म...शुद्ध ग ..तीव्र म..' सौन्दर्य निर्मिती करते है और उनके पीछे पीछे दिखने वाली 'सालग वराली' और 'तोड़ी' की झलक अत्यंत मनमोहक प्रतीत होती है | तत्पश्चात पंडित जी **'शांत मन हो'** में **असीम शांति की अनुभूति** कराते है और बाद में लग्गी एवं तिहाई लेकर भजन का समापन करते है |

4.3.4 भक्ति रचना कि लोकप्रियता

- श्रीमती अश्विनी भिड़े – देशपांडे |[41]
- शौनक अभिषेकी,संस्कृति आर्ट्स फेस्टिवल, नवंबर 17,2020 |[42]
- महेश काले, मंच प्रदर्शन |[43]
- विशाल धुमाल, खिद्रापूर मंदिर परिसर में बाँसुरी पर |[44]
- दलाल ब्रदर्स, निर्मल धाम, दिल्ली ऑक्टोबर 14, 2019 |[45]

[41] Classical Live Channel, https://www.youtube.com/watch?v=8ukh9hhu-yY , 11/2/22

[42] God Gifted Cameras, https://www.youtube.com/watch?v=rQ0JxRkZ3J8 , 11/2/22

[43] Daattaray Gaikwad, https://www.youtube.com/watch?v=2cuxhqgRdts , 11/2/22

[44] Vishal Dhumal, https://www.youtube.com/watch?v=eIWlAIbdrj4&t=16s , 11/2/22

[45] Vishwa Nirmala Dharma, https://www.youtube.com/watch?v=hjbWhJUDd58 , 11/2/22

4.3.5 भक्ति संगीत संबंधित प्रसिद्ध कॅसेट्व और सीडीयों की सूची

- भक्ति तरंग – मराठी – T सीरीज
- उठा उठा सकळिक – सा रे ग म मराठी
- भक्ति गीते – मराठी – 12 जून 2000 (संगीत – पं भीमसेन जोशी)
- अवघे पावन पंढरपूर – मराठी अभंग 20 अगस्त 1995
- स्वर तरंग -4 फरवरी 2012
- दिंडी – मराठी – 17 जनवरी 1989 – जितेंद्र अभिषेकी, अनुराधा पौडवाल

4.4 पंडित जसराज

4.4.1 भक्ति रचना के शब्द तथा सामान्य माहिती

रचना के शब्द

माता कालिका माता कालिका

महाकाल महारानी, जगत जननी भवानी

खड्गमुण्ड खप्पर करधरणी

असुर हरणी जग निर्भय करणी

तरण तारिणी भक्त पालिका

दया दानी भवानी

माता कालिका माता कालिका

भक्ति रचना :- माता कालिका	राग :- अड़ाना
मूल गायक :- पं जसराज	ताल :- (अद्धा) तीनताल
गीतकार :- महाराज जयवंत सिंह वाघेला (सानंद बापू)	संगीतकार :- पं मणिराम

4.4.2 भक्ति रचना का नोटैशन

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
											प	प	पनी	पम	प
											मा	ता	काS	SS	ली
सां	-	-	-	ध	-	नी	-	सारें	-	सां	प	प	पनी	पम	प
का	S	S	S	S	S	S	S	SS	-	S	मा	ता	काS	SS	ली
X				2				0				3			
सां	-	-	-	ध	-	नी	प	म	म	-	प	-	म	-	म
का	S	S	S	S	S	S	S	म	हा	S	का	S	ल	S	म
X				2				0				3			
ग	–	म	–	रे	–	सा	-	सा	रे	म	प	प	ध	-	नी
हा	S	S	S	रा	S	नी	S	ज	ग	त	ज	न	नी	S	भ
X				2				0				3			
सां	-	सां	ध	नी	सां	सां	ध	नी	सारें	सां	प	प	पनी	पम	प
वा	s	नी	S	भ	वा	नी	S	भ	वाs	नी	मा	ता	काS	SS	ली
X				2				0				3			
								म	म	प	ध	नी	सां	-	सां
								ख	ड	ग	मुं	S	ड	S	ख

सां	सां	सां	सां	ध	नी	सां	सां	सां	ध	नी	सां	सां	सां	ध	नी
प्प	र	क	र	ध	र	नी	क	र	ध	र	नी	क	र	ध	र
X				2				0				3			

सां	-	-	-	-	-	-	-	प	प	रें	-	रें	रें	गंरें	सरें
नी	S	S	S	S	S	S	S	अ	सु	र	S	ह	र	नीS	SS
X				2				0				3			

पं	-	-	-	गं	मं	रें	सां	नी	नी	सां	सां	सां	नी	सरें	नीसां
S	S	S	S	S	S	S	S	ज	ग	नि	र	भ	य	कS	रS
X				2				0				3			

ध	-	-	नी	प	-	-	-	नी	नी	नी	सां	-	सां	सां	-
नी	S	S	S	S	S	S	S	त	र	ण	ता	S	रि	णी	S
X				2				0				3			

सां	-	सां	सां	-	सां	सां	-	रेंसां	सां	-	ध	-	ध	-	नी
भ	S	क्त	पा	-	लि	का	S	दS	या	S	दा	S	नी	S	भ
X				2				0				3			

सां	-	सां	ध	नी	सां	सां	ध	नी	सरें	सां	प	प	पनी	पम	प
वा	s	नी	S	भ	वा	नी	S	भ	वाs	नी	मा	ता	काS	SS	ली
X				2				0				3			

4.4.3 भक्ति रचना का विश्लेषण

माता काली के परम भक्त तथा पंडित जी के आध्यात्मिक गुरु, 'महाराज जयवंत सिंह वाघेला' (सानंद बापू) ने इस भजन के शब्द लिखे है, जो सानंद बापू द्वारा लिखित गुजराती पुस्तक 'संगीत सौरभ' में उपलब्ध है |[46] जसराज जी के जेष्ठ भ्राता पंडित मणिराम जी ने इसे संगीतबद्ध किया है | इस भजन के **ध्रुव पद** में, काली माता के **रूप का** वर्णन तथा **अंतरे** में माँ के **गुणों** की स्तुति निहित है| पंडित जी का तथा श्रोताओं का अत्यंत प्रिय यह भजन, पंडित जी ने कई कार्यक्रमों में गाया है; जिनमें से यु ट्यूब के Art and Artistes के एक मंच प्रदर्शन को शोधार्थी ने विश्लेषण करने हेतु चुना है |[47]

यहाँ पंडित जी, भजन की सीधी शुरुआत करते है और तुरंत अड़ाना राग के 'तार षड्ज' की ओंर जाते हुए 'पंचम' पर सम दिखाते है |

इस भजन का ताल, अद्धा तीनताल होते हुए, इसका मुखड़ा बारहवी मात्र से शुरू होता है तथा **"कालिका"** शब्द चौदह-पंद्रह-सोलह-एक ऐसी यात्रा करके; **'चार में-तीन'** का आकर्षक लयस्वरूप धारण करता है | इस भजन में पंडित जी ने 'अड़ाना' राग के नूतन रूप का किया हुआ आविष्कार दिखाई देता है | अर्थात 'अड़ाना' याने उत्तरांग प्रधान एवं ओजस्वी, वीरता पूर्ण, प्रबल खड़े स्वरों का लगाव; जिसे पंडित जी ने वर्ज्य किया है, अतः कहीं कहीं धीर गंभीर 'दरबारी' की झलक दिखाई देती है | इस भजन में ली गई पखावज की संगत, और एक नवीनतम अनुभूति देती है | भजन की दूसरी पंक्ति गाने से पूर्व पंडित जी, सरगम की छोटी छोटी आलापी करके; 'तार षड्ज' के पास से शुरू किये गए भजन को 'मंद्र षड्ज' पर लेकर आते है – तीसरी पंक्ति वापस 'तार षड्ज' की ओंर,

[46] Revaayan , Mata Kalika , https://www.youtube.com/watch?v=abM4a6TC0WQ , 11/3/22
[47] Art and Artistes, https://www.youtube.com/watch?v=-Dd2OCr6zVA , 13/2/22

'भवानी' शब्द की तीहाई लेकर, 'म प ध नी सां' यह चलन लेकर मुखड़ा वापस 'तार षड्ज' की तरफ ले जाते है | भजन के अंतरे में पंडित जी **दो सम वाला मुखड़ा** गाते है; जिसमें 'खप्पर' के "प्प" पर प्रथम सम, 'करधरणी' की तिहाई एवं तुरंत "णी" के ऊपर दूसरी सम आती है | पश्चात 'तार रिषभ – मध्य रिषभ – मंद्र रिषभ' ऐसी ऋषभ की लंबी मींड़(घसीट) लेते है | इस भजन में पंडित जी काली माता के विशाल रूप एवं गुणों का वर्णन करने के लिए तीनों सप्तकोंका तथा 'तार पंचम' का उपयोग करते है जो एक अलग ही अनुभूति देता है | यहाँ पर पंडित जी, मेवाती घराने की अपनी गायकी का अवलंबन करते हुए, अपने कोमल, मधुर भावपूर्ण स्वरों के माध्यम से 'अड़ाना' का यथार्थ दर्शन कराते है |

पश्चात, फिर से एकबार 'भवानी' शब्द की तिहाई लेकर पंडित जी मुखड़ा पकड़ते है और अचानक लय बढ़ती है | इस बढी हुई लय में वापस सरगम और तिहाई का प्रयोग करते है | इस बढ़ी हुई लय में अंतरा गाते हुए पंडित जी बोल तान तथा आकार युक्त तान गाते है| **"माँ"** शब्द को बड़ी **आर्तता** से गाते हुए, अलग अलग प्रकार से आलाप करके **'भक्तिरस'** की **परिसीमा** तक पहुंचकर एकाएक 'तार षड्ज' पर बंदिश का समापन करते है | पंडित जी ने अपने अनगिनत कार्यक्रमों में इसे 'भजन या बंदिश' के रूप में करीब छह-सात मिनट से लेकर अट्ठाईस तीस मिनट तक गाया है |

4.4.4 भक्ति रचना कि लोकप्रियता

पंडित जी ने गाया हुआ यह भजन लोकप्रिय होते हुए कई कलाकारों ने इसे गाया है |

- जैसे, केवल पंडित जी (अकेले)प्रस्तुतिकरण |[48]
